# प्रेस नोट    पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद    दिनांक 01.06.2023

**थाना लिंकरोड पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार।**

आज दिनांक 01.06.2023 को थाना लिकंरोड पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में फरार चले रहे वांछित अभियुक्त विजय पुत्र ठाकुर प्रसाद निवासी गाँव सैजना थाना बिल्हौर जनपद कानपुर हाल नि0 किराये का मकान कडकड माडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद को मुखबिर की सूचना पर विश्वास नगर दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार चल रहा था।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. विजय पुत्र ठाकुर प्रसाद मूल निवासी गाँव सैजना थाना बिल्हौर जनपद कानपुर हाल नि0 किराये का मकान कडकड माडल थाना लिंकरोड गाजियाबाद

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम-**

थाना लिंकरोड पुलिस टीम

**स्वाट टीम डीसीपी ट्रांस हिण्डन एंव थाना लिंकरोड पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा फरार/वांछित चल रहे S-2 स्पा/थैरपी सेन्टर के मालिक व मैनेजर गिरफ्तार।**

स्वाट टीम ट्रांस हिण्डन व थाना लिकंरोड पुलिस टीम द्वारा अनैतिक देह व्यापार निवारण अधि0 में फरार चले रहे वांछित अभियुक्तगण 1- आशीष पुत्र माता प्रसाद निवासी हाल-पता 11/337 खिचडी पुर कल्याणपुरी दिल्ली, 2-शाहिद पुत्र नूरहसन निवासी हाल पता म0न0 A/214 गली न0 2 अमर कालौनी ईस्ट गोकलपुरी दिल्ली को दिनांक 31.05.2023 की रात्रि को मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र लिंक रोड के सूर्यनगर रामप्रस्था गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण गिरफ्तारी से बचने के लिये फरार चल रहे थे।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तः-**

1. आशीष पुत्र माता प्रसाद मूल निवासी ग्राम व पोस्ट कोटवा थाना इन्होना जिला अमेठी हाल-पता 11/337 खिचडी पुर कल्याणपुरी दिल्ली।
2. शाहिद पुत्र नूरहसन मूल निवासी जानी खुर्द थाना जानी खुर्द जिला मेरठ हाल पता म0न0 A/214 गली न0 2 अमर कालौनी ईस्ट गोकलपुर दिल्ली।

**गिरफ्तार करने वाले पुलिस टीम-**

1.थाना लिंकरोड पुलिस टीम
2. स्वाट टीम डीसीपी ट्रांस हिण्डन जोन

**थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा होटल में जुआ खेलने वाले 13 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता गिरफ्तार, कब्जे से 88100/- रु० नकद, 20 ताश की गड्डी , कॉइन व कॉइन स्टैन्ड,मोबाइल व लैपटाप बरामद**

**कार्यवाही का विवरण -** दिनांक 31.05.23/01.06.23 की रात्री मे थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर वसुन्धरा सै0 1 मे स्थित होटल ग्रान्ड वैली मे कॉइन के माध्यम से कैसिनो मे जुआ खिलवाने वाले होटल स्वामी समेत 13 अभियुक्त व 02 अभियुक्ता को गिरफ्तार किया गया है .

गिरफ्तार अभियुक्तो से पूछताछ की गयी तो बताया की होटल ग्रान्ड वैली स्वामी मोनू उर्फ विशाल तेवतिया हमे जुआ खिलवाते है तथा हम लोग कॉइन के माध्यम से जुआँ खेलते है | गिरफ्तार अभियुक्तो के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है |

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण –**

1- मोनू उर्फ विशाल तेवतिया पुत्र राजेन्द्र सिह मूल निवासी ग्राम साहिबाबाद थाना लिंक रोड गाजियाबाद हालपता किराये के मकान मे म0न0 1445 सै0 05 मोहन मेकिन्स सोसायटी वसुन्धरा थाना इन्द्रपुरम गाजियाबाद (होटल स्वामी ग्रान्ड वैली प्लाट सं0 212 सै0 01 वसुन्धरा)

2- सोनू उर्फ सोनिक पुत्र रतिराम निवासी औरंगाबाद रिस्तल थाना टीलामोड गाजियाबाद

3- नितिन पुत्र रमेश कुमार नि0 निठोरा थाना लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 27 वर्ष

4- आशीष जैन पुत्र सुनील जैन नि0 ए-2 501 पालम रिसोर्टस राजनगर एक्सटेशन थाना नन्दग्राम गाजियाबाद

5- अखिल जैन पुत्र सुनील जैन नि0 ए-2 501 पालम रिसोर्टस राजनगर एक्सटेशन थाना नन्दग्राम गाजियाबाद

6- सचिन चौहान पुत्र सोहनलाल निवासी 135 विवेकानन्द नगर थाना कविनगर गाजियाबाद

7- कपिल पुत्र देवेन्द्र निवासी म0न0 27 सिकरोड थाना नन्दग्राम

8- इन्द्रजीत पुत्र बेदपाल नि0 नगला फिरोज मोहनपुर थाना नन्दग्राम

9- नितिन पुत्र कालू राम नि0 ओयरा केमीरा सी-704 राजनगर एक्सटेशन थाना नन्दग्राम गाजियाबाद

10- बिटटू गुप्ता पुत्र महात्मा गुप्ता नि0 म0न0 217 ए ब्लाक झण्डापुर थाना लिंक रोड गाजियाबाद

11- सनी पुत्र सिपाही रजत नि0 उबेरराय मौहल्ला गाजीपुर दिल्ली

12- राहुल पुत्र भगत सिह निवासी फरुख नगर थाना टीला मोड गाजियाबाद

13- उत्तम प्रकाश शर्मा पुत्र हरि शर्मा नि0 सिकरानी थाना लोनी गाजियाबाद

14- दो महिला अभियुक्ता

**बरामदगी का विवरण**

- 88,100 रुपये नगद
- 20 ताश की गड्डी
- 924 कोईन व 15 कोईन स्टैण्ड
- 21 मोबाईल फोन
- 01 लैपटाप

**गिरफ्तारी/ सहयोग करने वाली पुलिस टीम-**

- टीम पुलिस उपायुक्त ट्रांस हिन्डन
- थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम

## थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा नाजायज पिस्टल समेत 01 अभियुक्त गिरफ्तार

**कार्यवाही का विवरण -** थाना इन्दिरापुरम पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना के आधार पर आदित्य मॉल के बेसमैन्ट से दिनांक 01.6.23 को अभियुक्त लव पण्डित को मय 01 देशी पिस्टल नाजायज व 01 जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है | गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है |

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्तगण -**

1- लव पण्डित कुमार पुत्र राजीव शर्मा निवासी 125/3 कडकडडूमा मैट्रो पिलर 12 दिल्ली

**बरामदगी का विवरण**

1 देशी पिस्टल मय 01 जिंदा कारतूस

**गिरफ्तारी/ सहयोग करने वाली पुलिस टीम-**

थाना इन्दिरापुरम पुलिस टीम

**थाना निवाड़ी पुलिस टीम द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 01 बाल अपचारी को हिरासत में लिया**

दिनांक 21.05.2023 को थाना निवाडी कमिश्नरेट गाजियाबाद पर वादी श्री बिलाल पुत्र सलाऊदीन निवासी ग्राम सुहाना थाना निवाडी गा0बाद के पिता सलाऊदीन पर विपक्षीगण फरियाद व उसके साथियो द्वारा लाठी डण्डे व फावडा मारकर घायल कर देने के सम्बन्ध मे एक लिखित तहरीर प्राप्त हुई, प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर थाना निवाडी पर सुंसगत धाराओ में तत्काल अभियोग पंजीकृत किया गया तथा घायल सलाउद्दीन उपरोक्त की ईलाज के दौरान मृत्यु हो जाने के पश्चात अभियोग उपरोक्त में हत्या से सम्बन्धित सुसंगत धाराओं की बढोत्तरी की गयी । अभियोग उपरोक्त में 02 वाछिंत अभियुक्तगणो को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा भेजा जा चुका है । तथा अभियोग उपरोक्त में शेष वांछित अभियुक्तगणों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमें गठित हैं। आज दिनांक 01.06.2023 को थाना निवाडी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर 01 वाछिंत बाल अपचारी को हिरासत में लिया गया। अग्रिम आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तारी / हिरासत विवरण**

1. एक बाल अपचारी अभियोग सें संबंधित

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

थाना निवाड़ी पुलिस टीम

**थाना लोनी पुलिस द्वारा हत्या के प्रयास में वांछित एक अभियुक्त गिरफ्तार**

**दिनांक 25-05-2023 को वादी मोमीन पुत्र हरन सिंह निवासी अमन गार्डन थाना लोनी गा0बाद की लिखित तहरीर के आधार पर विपक्षीगण द्वारा वादी के घर मे घुसकर वादी की पत्नी जैबा पर जान से मारने की नियत से फायर करना व उसकी सहेली नजराना के साथ मारपीट करने के समबन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था | अभियोग के सफल अनावरण व अभियुक्तगणो की गिरफ्तारी हेतु तत्काल टीमो गठन किया गया। आज दिनांक 01.06.23 थाना लोनी पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त हर्ष उर्फ अमन पुत्र सुखदर्शन सिंह निवासी मलिक सिटी अशोक विहार, लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष को गिरफ्तार किया गया। अभियोग उपरोक्त में एक वांछित अभियुक्त कपिल को पूर्व में गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा चुका है। आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।**

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त**

**1. हर्ष उर्फ अमन पुत्र सुखदर्शन सिंह निवासी मलिक सिटी अशोक विहार लोनी गाजियाबाद उम्र करीब 19 वर्ष**

**आपराधिक इतिहास –**

**अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना लोनी पर एक अभियोग पंजीकृत है।**

**गिरफ्तार करने वाली टीमः-**

**पुलिस टीम थाना लोनी**

**कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा 07 शातिर लुटेरे/चोर गिरफ्तार, कब्जे से लूट/चोरी का माल बरामद**

दिनांक 30.05.2023 को वादी सुधीर गुप्ता S/O महेन्द्रपाल गुप्ता निवासी-18/C ब्लाक-5 डीडीए फ्लैट सराय काले खां नई दिल्ली ने चालक दुष्यन्त पुत्र शैलेन्द्र सिंह को बांधकर स्पेयर ऑटो पार्ट्स के 60 लोड डिब्बे मय गाडी के लूट लेने के सम्बन्ध में लूट का मुकदमा पंजीकृत कराया था।

**कार्यवाही का विवरण-** घटना के शीघ्र अनावरण हेतु टीमें गठित की गयी थी जिनके द्वारा सीसीटीवी फुटेजों का लगातार गहन विश्लेषण मैनुवल इंटेलिजैन्स, सर्विलांस के आधार व अन्य स्त्रोतों से जानकारी कर घटना के अनावरण हेतु सार्थक प्रयास किये जा रहे थे।

आज दिनांक 01.06.2023 को थाना पुलिस व स्वाट टीम पुलिस उपायुक्त नगर की टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित 07 नफर अभियुक्तगणों को मय लूटे गये आटो पार्टस व पिकअप गाडी के गिरफ्तार किया गया है।

**पूछताछ का विवरण-** अभियुक्त दीन मौहम्मद ने पूछताछ पर बताया कि साहब मैं अपने साथी इमरान व फिरोज के साथ मिलकर सामान से भरी हुई गाडियो को चोरी कर उनका सामान अपनी गाडी में लाद कर खाली गाडी को कही सुनसान स्थान पर छोडकर चले जाते थे, उस सामान को मैं हिण्डन विहार मे रहने वाले आफाक एवं बम्बाबड थाना दादरी में रहने वाले दीपक शर्मा और दादरी निवासी शमशाद को सामान बेच देते थे। और बताया कि हमने दिनांक 30.05.23 की रात्रि मे पिकअप माल लोड स्पेयर आटो पार्ट के 60 डिब्बे सहित चालक को बंधक बनाकर सामान लूट लिया था तथा ड्राइवर को मंसूरी में फैंक दिया था और माल आफाक को बेच दिया था तथा दिनांक-13/05/2023 को हम तीनों ने पुराना बस

अडडा के पास से कूकर से भरा एक छोटा हाथी चोरी किया था कूकर को हम तीनों ने अपनी गाडी मे लोड कर खाली छोटे हाथी को लोहिया नगर मे छोड दिया था और कूकर लेजाकर दीपक शर्मा व शमशाद को बेच दिए थे।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता:-**

1- इमरान पुत्र हनीफ उर्फ हमीद निवासी पार्क बाला डासना थाना मंसूरी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 25 वर्ष
2- फिरोज पुत्र अनीस निवासी मौहल्ला अफताब कालोनी यासीन गढी डासना थाना बेब सिटी कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 30 वर्ष
3- दीन मौहम्मद उर्फ इकराम पुत्र हनीफ उर्फ सलीम निवासी साहबेरी बडी मस्जिद थाना बिसरख जनपद गौतमबुद्धनगर उम्र 22 वर्ष
4- बिमल पुत्र रामबिलास निवासी गली न0- 03 हिण्डन बिहार थाना नन्दग्राम कमिश्नरेट गाजियाबाद उम्र 21 वर्ष
5- दीपक शर्मा पुत्र ज्ञानेन्द्र शर्मा निवासी ग्राम बम्बाबड थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर उम्र 30 वर्ष
6- शाहनबाज पुत्र मौलुद्दीन निवासी बम्बाबड थाना बादलपुर गौतमबुद्धनगर उम्र 28 वर्ष
7- शमशाद पुत्र शहीद निवासी बिलाल मस्जिद के पास दादरी गौतमबुद्धनगर उम्र

**बरामदगी का विवरण-**

1- स्पेयर ऑटो पार्ट्स के 59 लोड डिब्बे
2- 96 कुकर
3- 02 किलो गांजा
4- एक छोटा हाथी न0- डीएल1एलएजी4857

**आपराधिक इतिहास अभियुक्तगण-**

(1)- **अभियुक्त इमरान पुत्र हनीफ के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा लूट का पंजीकृत
2- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत
3- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा एनडीपीएस एक्ट का पंजीकृत
4- जनपद मुजफ्फरनगर मे 01 मुकदमा चोरी का वाहन बरामदगी का पंजीकृत
5- राज्य हरियाणा मे 01 मुकदमा वाहन चोरी का पंजीकृत
6- जनपद बिजनौर मे 01 मुकदमा चोरी का माल बरामद पंजीकृत
7- जनपद बिजनौर मे 01 मुकदमा हत्या का प्रयास का पंजीकृत
8- जनपद बिजनौर मे 01 मुकदमा आर्म्स एक्ट का पंजीकृत
9- दिल्ली मे 02 मुकदमा लूट के पंजीकृत

**(2)-अभियुक्त फिरोज पुत्र अनीस के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा लूट के पंजीकृत
2- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत
3- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा वाहन चोरी का पंजीकृत
4- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा आर्म्स एक्ट का पंजीकृत
5- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा एनडीपीएस एक्ट के पंजीकृत
6- जनपद हापुड मे 01 मुकदमा लूट का पंजीकृत
7- जनपद हापुड मे 01 मुकदमा वाहन बरामद व आर्म्स एक्ट का पंजीकृत
8- जनपद गौतमबुद्धनगर मे 01 मुकदमा चोरी का वाहन बरामदगी का पंजीकृत
9- राज्य दिल्ली मे 01 मुकदमा चोरी का वाहन बरामदगी का पंजीकृत

**(3)- अभियुक्त दीन मौहम्मद उर्फ इकराम के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा लूट का पंजीकृत
2- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत
3- जनपद गाजियाबाद मे 01 मुकदमा एनडीपीएस एक्ट का पंजीकृत
4- जनपद बिजनौर मे 01 मुकदमा लूट के प्रयास व धोखाधडी का पंजीकृत
5- जनपद बिजनौर मे 01 मकुदमा आर्म्स एक्ट का पंजीकृत
6- जनपद बागपत मे 01 मुकदमा डकैती का पंजीकृत

7- जनपद बागपद मे 01 मुकदमा नशीला पदार्थ देकर वाहन चोरी करने का पंजीकृत
8- जनपद बागपद मे 01 मुकदमा लूट का पंजीकृत
9- जनपद मेरठ मे 02 मुकदमा लूट के पंजीकृत

**(4)- अभियुक्त बिमल पुत्र रामबिलास के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत

**(5)- अभियुक्त दीपक शर्मा के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत
2- जनपद गौतमबुद्धनगर मे 01 मुकदमा साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाडने का पंजीकृत

**(6)- शाहनबाज पुत्र मौलुद्दीन के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत

**(7)- अभियुक्त शमशाद पुत्र शहीद के विरुद्ध**

1- जनपद गाजियाबाद मे 02 मुकदमा चोरी के पंजीकृत

**गिरफ्तार करने वाली टीम**:-

1- पुलिस टीम थाना कोतवाली जोन नगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।
2- स्वाट टीम पुलिस उपायुक्त नगर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट के 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कार्यवाही का विवरण-** दिनांक 01.06.2023 को पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम द्वारा पुलिस द्वारा लोकल इनपुट व मुखबिर की सूचना पर दिनांक 01.06.2023 को गैंगेस्टर एक्ट के 02 वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है। जो थाना मधुबन बापूधाम गाजियाबाद से गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहे थे। अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**नाम पता अभियुक्त –**

1. एकल उर्फ सन्टी पुत्र राजेश निवासी ग्राम जलालाबाद थाना मुरादनगर जिला गाजियाबाद
2. शिवा पुत्र कल्लू निवासी मैन बाजार मुरादनगर कुम्हारो वाली गली थाना मुरादनगर जनपद गाजियाबाद

**आपराधिक इतिहास अभियुक्त गण**

1. अभियुक्त एकल उर्फ सन्टी पर थाना मुरादनगर पर 02 मुकदमे चोरी के 01 मुकदमा एनडीपीएस एक्ट का, थाना मधुबन बापूधाम पर 02 मुकदमा लूट, 01 मुकदमा पुलिस मुठभेड, 01 मुकदमा आयुद्ध अधि0, 01 मुकदमा गैंगेस्टर एक्ट का तथा 01 मुकदमा दिल्ली राज्य में चोरी का, कुल 09 मुकदमे पंजीकृत है।
2. अभियुक्त शिवा पर थाना मुरादनगर में 01 मुकदमा बलवा का, थाना मधुबन बापूधाम पर 02 मुकदमें लूट,01 मुकदमा पुलिस मुठभेड,01 मुकदमा आयुद्ध अधि0, 01 मुकदमा गैंगेस्टर एक्ट का तथा 01 मुकदमा दिल्ली राज्य में चोरी का कुल 07 मुकदमे दर्ज है।

**गिरफ्तार करने वाली थाना पुलिस टीम –**

पुलिस टीम थाना मधुबन बापूधाम।